# नोएडा में उत्तर भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा **अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना** का **लेआउट** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA) को सौंप दिया गया है।

## मुख्य बिंदु

- **परियोजना के बारे में:**
  - **फिल्म सिटी** का निर्माण **ग्रेटर नोएडा** के **सेक्टर-21** में यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे किया जाएगा।
  - यह कुल **1,000 एकड़** क्षेत्र में फैली होगी, जिससे यह **उत्तर भारत की सबसे बड़ी फिल्म सिटी** बनेगी।
  - **पहले चरण** में **230 एकड़** क्षेत्र को शामिल किया जाएगा, जिस पर अनुमानित **1,510 करोड़** रुपए का निवेश किया जाएगा।
- **उत्तर प्रदेश फिल्म नीति 2023:**
  - सरकार अवधी, ब्रज, **बुंदेली और** भोजपुरी जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में बनने वाली फिल्मों की **कुल लागत पर 50% सब्सिडी प्रदान करती है।**
  - **हिंदी फिल्मों** के लिये कुल निर्माण लागत का **25% तक सब्सिडी** उपलब्ध है।
  - **उत्तर प्रदेश में अपनी शूटिंग के कम-से-कम 50% दिन** पूरे करने वाली फिल्में **1 करोड़ रुपए की सब्सिडी** के लिये पात्र हैं।
  - यदि कोई फिल्म **अपनी दो-तिहाई शूटिंग राज्य में पूरी करती है तो वह अधिकतम 2 करोड़ रुपए की सब्सिडी** के लिये पात्र हो जाती है।
- **स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन:**
  - **उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासियों को अभिनेता के रूप फिल्म में शामिल करने के लिये 25 लाख रुपए** या वास्तविक पारिश्रमिक (जो भी कम हो) का अनुदान प्रदान किया जाता है।
  - राज्य के **स्थानीय गायकों, संगीतकारों, गीतकारों, निर्देशकों, कैमरामैनों और अन्य क्रू सदस्यों को रोज़गार देने के लिये 5 लाख रुपए** या **कुल सब्सिडी का 2%** (जो भी कम हो) का अतिरिक्त अनुदान प्रदान किया जाता है।
- **ओटीटी प्रोडक्शंस प्रोत्साहन:**
  - उत्तर प्रदेश में कम-से-कम दो-तिहाई शूट की गई वेब-सीरीज़ को उत्पादन लागत का 50% या प्रति एपिसोड 10 लाख रुपए (जो भी कम हो) की सब्सिडी प्रदान की जाती है।
  - वेब-फिल्मों को समान मानदंडों के तहत लागत का 25% या 1 करोड़ रुपए तक का अनुदान मिलता है।
- **फिल्म अवसंरचना सब्सिडी:**
  - **फिल्म प्रशिक्षण संस्थानों** को **25% की पूंजीगत सब्सिडी** या **50 लाख रुपए (न्यूनतम 50 लाख रुपए निवेश)** तक की सहायता दी जाती है।
  - फिल्म स्टूडियो/प्रयोगशालाओं को 25% सब्सिडी या 50 लाख रुपए मिलते हैं। इसे **पूर्वांचल, विंध्यांचल और बुंदेलखंड** में 35% (अधिकतम 50 लाख रुपए) तक बढ़ाया गया।
- **आउटडोर शूटिंग समर्थन:**
  - उत्तर प्रदेश के **STDC होटलों**/**मोटलों** में **आवास पर 25% की छूट** दी जाती है।
  - **सरकारी अतिथि गृहों** में **मानक दरों** पर फिल्म क्रू के लिये कमरे उपलब्ध कराए जाते हैं।
- **फिल्म शिक्षा सहायता:**
  - **फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (FTII) पुणे** और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविज़न इंस्टीट्यूट कोलकाता में प्रत्येक संस्थान से **10 छात्रों के प्रशिक्षण** पर **प्रति छात्र 25,000 रुपए की छात्रवृत्ति राशि** दी जाती है।
- **नोडल एजेंसी:**
  - फिल्म नीति के कार्यान्वयन और समन्वय का प्रबंधन राज्य की आधिकारिक फिल्म प्रमोशन संस्था, **फिल्म बंधु द्वारा किया जाता है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/north-indias-largest-film-city-in-noida